|| नज़राना दिल का लाया दीवाना तेरा आया ||

Chalisamantras.com

दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में,
नज़राना दिल का लाया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

आते हैं तेरे दर पे,
दुनिया के नर और नारी,
में भी मंगता आया रे बाबा,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

मैं दीवाना हो गया रे,
दीवाना हो गया,
मैं शिर्डी वाले साईं का,
दीवाना हो गया ।

मिल मुझको मेरे बाबा,
भरनी तुम्हे पड़ेगी,
झोली मैं खाली लाया रे बाबा,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

यूँ तो हज़ारो मंजर,
देखे हैं हसीं मेने,
दिल ने सुकून पाया रे बाबा,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

Chalisamantras.com

शिर्डी को छोड़ कर मैं,
कहीं और कैसे जाऊं,
सब कुछ तो यहीं पाया बाबा,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

वो हो राम कृष्ण विष्णु,
या हो शेरों वाली मैया,
मुझे तू ही नज़र आया सब में,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

ना हयात भूल पाया,
तेरी शिर्डी का वो मंज़र,
भगवान नज़र आया रे बाबा,
बाबा तेरी शिर्डी में ।
दीवाना तेरा आया,
बाबा तेरी शिर्डी में ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com